# 1 राजस्थान के दुर्ग

1. **''मैंने इतना मजबूत व सुरक्षित किला पूरे हिन्दूस्तान में कहीं नहीं देखा।'' तैमूर ने अपनी आत्मकथा 'तुजुक ए तैमूरी' में ये पंक्तियाँ राजस्थान के किस दुर्ग के लिए कही गई है?**
(1) भटनेर का दुर्ग (2) चित्तौड़गढ़ का दुर्ग
(3) रणथम्भौर का दुर्ग (4) मेहरानगढ़

2. **अजमेर के तारागढ़ किले के बारे में कौनसा कथन असत्य है?**
(1) इसमें गोल झालरा, नाना साहब का झालरा व इब्राहिम शरीफ झालरा आदि जलाशय बने हैं।
(2) इसे 'पूर्व का दूसरा जिब्राल्टर' कहा जाता है।
(3) चौहान शासक अजयराज ने इसे 1155 ई में बनवाया था।
(4) इसमें मीरान साहब की दरगाह बनी है।

3. **निम्नलिखित युग्मों को सही सुमेलित कीजिये–**

| किला | पहाड़ी |
|---|---|
| (क) सोनारगढ़ | 1. मेसा पठार |
| (ख) मेहरानगढ़ | 2. त्रिकूट पहाड़ी |
| (ग) तारागढ़ | 3. चिड़ियाटूंक पहाड़ी |
| (घ) चित्तौड़गढ़ | 4. बीठली पहाड़ी |

| | क | ख | ग | घ |
|---|---|---|---|---|
| (1) | 3 | 2 | 4 | 1 |
| (2) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (3) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (4) | 2 | 4 | 1 | 3 |

4. **नाहरगढ़ दुर्ग में एक जैसे नौ महलों का निर्माण किसने करवाया था?**
(1) सवाई जयसिंह (2) मिर्जा राजा जयसिंह
(3) ईश्वरी सिंह (4) माधोसिंह द्वितीय

5. **1832 ई. में लार्ड विलियम बैंटिक ने जब इस किले को देखा, तो उनके मुँह से निकल पड़ा ''ओह दुनिया का दूसरा जिब्राल्टर''। यह कथन किस किले के बारे में कहा था?**
(1) आमेर का किला (2) तारागढ़ दुर्ग
(3) चितौड़गढ़ (4) रणथम्भौर

6. **जयपुर के जयगढ़ किले के बारे में कौनसा कथन असत्य है?**
(1) इसे 'सुदर्शनगढ़' भी कहा जाता है
(2) इसमें कछवाहा वंश का खजाना रहता था।
(3) यहाँ तोप ढालने का कारखाना बना है।
(4) यह किला ईगल पहाड़ी पर बना है।

7. **भरतपुर के किले के बारे में कौनसा कथन असत्य है?**
(1) इसमें राजेश्वरी माता का मंदिर बना है।
(2) महाराजा जवाहर सिंह के समय लार्ड लेक ने 1825 ई. में इस किले पर आक्रमण किया था।
(3) 1826 में अंग्रेज सेनापति कोम्बर मेयर ने इस पर अधिकार कर लिया था।
(4) इस किले में 'जवाहर बुर्ज' बनी है।

8. **मेहरानगढ़ किले के बारे में कौनसा कथन असत्य है?**
(1) रूडयार्ड किपलिंग ने इसे विश्व का आठवाँ आश्चर्य बताया है।
(2) इसमें बनी सिणगार चौकी में राजाओं का राजतिलक होता था
(3) इसकी नींव करणी माता द्वारा 1459 में रखी गयी।
(4) यहाँ प्रसिद्ध चोखेलाव महल बना है।

9. **राजस्थान के किस दुर्ग में ढ़ाई साके हुये हैं?**
(1) सिवाणा दुर्ग (2) जालौर (3) जोधपुर (4) जैसलमेर

10. **राजस्थान का पहला साका किस दुर्ग से संबंधित है?**
(1) चितौड़गढ़ (2) रणथम्भौर
(3) गागरोन (4) जालौर दुर्ग

11. **निम्नलिखित युग्मों को सही सुमेलित कीजिये–**

| प्रकार | दुर्ग |
|---|---|
| (क) पारिख दुर्ग | 1. सोनारगढ़ |
| (ख) धान्वन दुर्ग | 2. मेहरानगढ़ |
| (ग) जल दुर्ग | 3. गागरोन का दुर्ग |
| (घ) गिरी दुर्ग | 4. लोहागढ़ |

| | क | ख | ग | घ |
|---|---|---|---|---|
| (1) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (1) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (3) | 4 | 1 | 3 | 2 |
| (4) | 1 | 4 | 3 | 2 |

12. **'भंवराथल' नामक प्रसिद्ध स्थान किस दुर्ग में है?**
(1) बसंतगढ (2) जालौर दुर्ग
(3) अचलगढ़ (4) सिवाणा दुर्ग

13. **घुंघट, गुगड़ी, बांदरा, इमली व खिड़की नाम की बुर्जे किस किले में बनी है?**
(1) कुंभलगढ़ (2) तारागढ़ (अजमेर)
(3) चितौड़गढ़ (4) नाहरगढ़

14. **''दीवारों के भी कान होते हैं, पर..........किले के महलों की दीवारें तो बोलती हैं'' पं. दीनानाथ शर्मा ने यह कथन किस किले के बारे में कहा था?**
(1) कुंभलगढ़ (2) जूनागढ़
(3) चितौड़गढ़ (4) आमेर किला

15. **कौनसा किला 'नाथों का दुर्ग' कहलाता है?**
(1) जालौर किला (2) सिवाण किला
(3) कोटकाश्तां दुर्ग (4) भाद्राजूण किला

16. **राजस्थान का कौनसा किला अपनी आकृति के कारण 'कागमुखी' कहलाता है?**
(1) जालौर का किला (2) जोधपुर का किला
(3) नागौर का किला (4) रणथम्भौर किला

17. **मेवाड़ का कौनसा किला चुण्डावतों व शक्तावतों के बीच मेवाड़ सेना में हरावल में रहने का अधिकार पाने के लिए मुगल सेना के खिलाफ लड़े गये युद्ध के लिए प्रसिद्ध है?**
(1) भैंसरोड़गढ किला (2) सज्जनगढ़ किला
(3) कुम्भलगढ़ किला (4) ऊँटाला का किला

18. **किस किले की सुन्दरता से अभिभूत होकर ब्रिटिश इतिहासकार कर्नल टॉड ने कहा कि ''यदि उन्हें राजपूताना में एक जागीर की पेशकश की जाये, तो वह .......... को चुनेंगे।''**
(1) सज्जनगढ़ (2) भैंसरोड़गढ़
(3) कुम्भलगढ़ (4) चित्तौड़गढ़

19. इतिहास ग्रन्थ 'वीर विनोद' के अनुसार चित्तौड़ किले का निर्माण किसने करवाया था?
(1) मौर्य राजा धवल (2) मौर्य राजा चित्रांग
(3) मौर्य राजा सम्प्रति (4) मौर्य राजा वृहद्रथ

20. ''मैने क्रेमलिन में जो कुछ भी देखा व अलब्रह्मा के बारे में जो कुछ सुना उससे बढ़कर यहाँ के महल हैं।'' बीशप हैबर ने यह कथन राजस्थान के किस किले के बारे में कहा हैं?
(1) नाहरगढ़ किला (2) आमेर का किला
(3) तारागढ़, बूँदी (4) मेहरानगढ़ किला

21. किस आक्रमणकारी ने चित्तौड़ पर विजय के बाद उसका नाम 'खिज्राबाद' रखा?
(1) अकबर (2) बहादुरशाह
(3) शेरशाह सूरी (4) अलाउद्दीन खिलजी

22. ''मैं ऐसे कई दुर्ग मुस्लिम के सिर के एक बाल के बदले वार दूं।'' जलालुद्दीन खिलजी ने यह कथन किस किले में बारे में है?
(1) रणथम्भौर दुर्ग (2) कुम्भलगढ़
(3) चितौड़गढ किला (4) गागरोन का किला

23. सर्वोत्तम विलास, गजविलास, जवाहर विलास निम्नलिखित में से किस दुर्ग में स्थित हैं?
(1) बाला किला (2) जालौर दुर्ग
(3) मेहरानगढ़ दुर्ग (4) सोनारगढ़ दुर्ग

24. ''बूँदी के किले को प्रेतों ने बनाया था।'' बूँदी के किले के बारे यह कथन किस विद्वान का है?
(1) कर्नल टॉड (2) रूडयार्ड किपलिंग
(3) अबुल फजल (4) जैकलीन कैनेडी

25. किस किले में 'पद्मला तालाब' व 'रनिहाड़ा तालाब' स्थित हैं?
(1) चितौड़गढ किला (2) कुम्भलगढ़ दुर्ग
(3) रणथम्भौर दुर्ग (4) गागरोन का किला

26. किस किले में राजपरिवार के निवास के लिए बना 'किशोरी महल' स्थित है?
(1) लोहागढ़ (भरतपुर) (2) बयाना का किला
(3) जयगढ़ दुर्ग (जयपुर) (4) अलवर का किला

27. ''यह दुर्ग इतनी बुलन्दी पर बना है कि नीचे से ऊपर की ओर देखने पर सिर की पगड़ी गिर जाती है'' कुम्भलगढ़ किले के बारे में यह कथन किस विद्वान ने कहा था?
(1) कर्नल टॉड (2) जैकलीन कैनेडी
(3) अबुल फजल (4) रूडयार्ड किपलिंग


28. राजस्थान पुलिस के 'लोगो' में किस ऐतिहासिक इमारत को दर्शाया गया है?
(1) चित्तौड़ किला (2) हवामहल
(3) विजय स्तम्भ (4) अल्बर्ट हॉल

29. राजस्थान का कौनसा किला बीकानेर की सेना पर 'चाँदी के गोले' दागने के लिए चर्चित रहा है?
(1) कुचामन का किला (2) चुरू का किला
(3) जूनागढ़ का किला (4) भटनेर का किला

30. ''ऐसा दुर्ग जहाँ पहूँचने के लिए पत्थर की टाँगें चाहिए।''अबुल फजल ने यह कथन किस किले के बारे में कहा था?
(1) सिवाणा का किला (2) रणथम्भौर का किला
(3) जैसलमेर का किला (4) भैंसरोड़गढ़ किला


Dhindhwal Publication Lead, Read and Achieve

# राजस्थान की सभी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए सर्वश्रेष्ठ पुस्तकें –










टेलीग्राम से जुड़ने के लिए

@DHINDHWAL2023GK

– Dhindhwal Publication
– धींधवाल पब्लिकेशन
– Dhindhwal Classes
– @Publication-DP
– Dhindhwal Publication

बुक कोड– DHP-19

**धींधवाल पब्लिकेशन की उपरोक्त पुस्तकें राजस्थान के सभी शहरों में प्रमुख बुक स्टोर पर उपलब्ध है। ऑनलाईन ऑर्डर कर घर बैठे मंगवाने के लिए मोबाईल नंबर 7725969600 (कानाराम जी) पर फोन या वाट्सअप मैसेज करें।**